## एक नजर में



### जयंती के आमंत्रण पत्र का विमोचन

उज्जैन। भेरुनाला स्थित गुरुद्वारा वृंदावनपुरा में संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज संघ द्वारा संत रविदास जी महाराज की जयंती को लेकर लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उज्जैन संभाग की एक महत्वपूर्ण संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व संत रविदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया इसके पश्चात बैठक की कार्यवाही शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने की सचिव विनोद चौहान नीलगंगा एवं संभाग कोषाध्यक्ष कमलसिंह हनोतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 फरवरी को संत रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती बड़े उत्साह एवं गरिमामय रूप से मनाई जाएगी, जिसकी तैयारियां संगठन द्वारा निरंतर की जा रही हैं। जयंती के पूर्व आमंत्रण पत्र का विधिवत विमोचन किया गया। बैठक में उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों से आए समाज के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान जयंती आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा पदाधिकारियों को अलग-अलग समाजजनों को जयंती कार्यक्रम का आमंत्रण देने की जिम्मेदारियां सौंपी गई। संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष संत रविदास जी महाराज की जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। आमंत्रण पत्रिका के विमोचन के पश्चात समाजजनों के घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से जयंती का आमंत्रण दिया जाएगा तथा सभी से एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की जाएगी इस मौके पर कार्य मंत्री अंबाराम चौहान, भीम आर्मी धुले सिंग आजाद, किशोरीलाल सूर्यवंशी, रतनलाल परमार, प्रकाश चौहान हेडवॉकर, हरिराम राजोरिया, मांगीलाल चौहान, नंदराम जी सूर्यवंशी धर्मशाला अध्यक्ष, राजी राकेश बामणिया, संभाग अध्यक्ष भीम आर्मी, विनोद चौहान संभाग सचिव, भगवान सिंह परमार, सचिव भेरूगढ़ धर्मशाला, नागेश्वर राजोरिया, रतनलाल जी डाबी कोशा अध्यक्ष, अर्जुन मोहन लाल वाघेला, रमेशजी, लखन हनोतिया मुकेश सोनगरा आदि लोग उपस्थित रहे।



### नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित मोहनपुरा में चमत्कारी त्रिशूल आश्रम पर चमत्कारी त्रिशूल आश्रम संचालन समिति के तत्वावधान में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। आश्रम के महंत श्री अमरगिरि नागा बाबा महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में नेत्र परीक्षण, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान किया गया। ठंड के मौसम में बढ़ती बीमारियों को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रक्त जांच, आंखों के चश्मे की जांच, रक्तचाप जांच, शुगर जांच तथा रक्तदान किया गया। इसके साथ ही रक्त समूह, एंटी बॉडी, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी एवं सी, उपदंश तथा मलेरिया की जांच भी की गई। शिविर का आयोजन सुबह 10 .30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया गया। शिविर में शामिल लोगों के लिए आश्रम परिसर में प्रसादी स्वरूप नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। चिकित्सकों ने शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और कहा कि सभी को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। क्योंकि वर्तमान समय में कई प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं, जिनके कारण कई लोगों की दृष्टि प्रभावित हो रही है। नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में आए लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए गुरु महाराज एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। शिविर में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के अंत में आश्रम संचालन समिति द्वारा सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री महंत 1008 सेवानंद गिरि जी महाराज, महंत लखन गिरि जी महाराज, महंत गुलवंत गिरि जी महाराज, साध्वी हरिप्रिया नंद गिरि जी, मोहन गिरि नागा बाबा महाराज, नव गिरि महाराज, करण गिरि महाराज, धर्मा गिरि महाराज, शिव गिरि महाराज, पुजारी सोनू पंडया, दिनेश पटेल, राजेश गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में संतगण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### टूर्नामेंट में एमबी टाइगर ने जमाया कब्जा

**उज्जैन।** श्रीरसागर स्टेडियम पर दाऊदी बोहरा समाज की संस्था बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में देशभर से बोहरा समाज की कुल 12 टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। मुर्तजा जरी वाला एवं खुजेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि फाइनल मुकाबला राजकोट की एमबी टाइगर एवं इंदौर इलेवन के बीच खेला गया। इंदौर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 64 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में राजकोट एमबी टाइगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 5 ओवर में 65 रन बनाकर फाइनल जीत लिया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 51 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में अमिल के प्रतिनिधि शेख इब्राहिम साबिर, जनाब ताहा, शेख अली असगर मौय्यदी, शेख जुल्फिकार भाई कोयला वाला, शेख इस्माइल भाई बड़वा वाला एवं शेख गुलाम हुसैन भाई सिया वाला उपस्थित रहे। सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। संचालन मुस्तफा बड़ौद वाला ने किया। इस मौके पर उमर खान, तौसीफ हुसैन, मुला मुर्तुजा भाई कासु, मुला खुज़ेमा भाई सिंगापुर वाला, मुला शब्बीर भाई घोड़ी वाला, आब्दीन भाई, सैफू भाई चक्की वाला, यूनुस भाई, हुसैन भाई, ताहेर भाई, अमीर नवाब, अम्मार, हातिम हुसैन तंबावाला, अमीर, ताहा, अबुली, जौहर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### बैरागी समाज ने मनाई 726वीं रामानंद जयंती

**उज्जैन।** रामानंद बैरागी समाज द्वारा अपने आराध्य देव गुरु रामानंद महाराजजी की 726वी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई। प्रति वर्ष अनुसार जयंती महोत्सव में दो दिवसीय कार्यक्रम कीया 9 जनवरी शुक्रवार भोजन पश्चात सामाजिक विकास और उत्थान पर चर्चा की गई और 10 जनवरी शनिवार सुबह चल समारोह निकाला गया। इस चल समारोह में समाज के सदस्य गण महिलाएं और बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम स्थल मेवाड़ा गेहलोत धर्मशाला से चल समारोह मोक्षदायिनी पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के घाट पर पहुंचा। जहां गुरु रामानंद जी महाराज की चरण पादुका, भगवान कृष्ण की मुर्ति को क्षिप्रा के निर्मल जल से स्नान करवाया। चल समारोह का समापन कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सभी समाज जन ने अपने आराध्य गुरु देव का पुजन कर आरती की प्रसाद वितरण किया। बटुक ब्राह्मण को भोजन करवाया। उनके मंत्र उच्चारण से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समाजजन के भोजन पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोगी समाज जन और रामानंद बैरागी समाज कल्याण समिति मध्यप्रदेश के पद्धाधिकारीयों एवं जिला पदाधिकारी रहे।

# 100 एकड़ में बनेगी वैलनेस सिटी, उज्जैन को स्वतंत्र विकसित शहर बनाने पर फोकस

## नीति आयोग की आर्थिक सलाहकार ने ली बैठक, दशहरा मैदान पर आज 4000 विद्यार्थी करेंगे सामूहिक सूर्य नमस्कार, स्वास्थ्य का देंगे संदेश

**उज्जैन। भारत सरकार के नीति आयोग की प्रमुख आर्थिक सलाहकार एना रॉय ने रविवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में उज्जैन क्षेत्र के विकास एवं नीति निर्धारण को लेकर उच्चस्तरीय बैठक ली। इधर उज्जैन जिला प्रशासन की पहल पर सामूहिक सूर्य नमस्कार भी किया जाएगा।**



एना रॉय ने कहा कि उज्जैन क्षेत्र को एक सशक्त विकास केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए शहरी क्षेत्रों का समग्र विकास अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सुव्यवस्थित अर्बन प्लानिंग, दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण और ठोस कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन को स्वतंत्र विकसित शहर के रूप में आगे बढ़ाने के लिए बुनियादी सोच में बदलाव जरूरी है।

एना रॉय ने टूरिज्म, सांस्कृतिक गतिविधियों, औद्योगीकरण, कृषि एवं कृषि उत्पाद, डेयरी, हॉस्पिटैलिटी और सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एग्रो प्रोसेसिंग, रिसाइक्लिंग उद्योग और अक्षय ऊर्जा आधारित उद्योगों को विकसित किया जाना चाहिए। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिले। नीति आयोग के अभिलेश बाबेल ने मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में एआई तकनीक अपनाने, प्रमुख मंदिरों के साथ अन्य धार्मिक स्थलों को भी पर्यटन मानचित्र पर लाने और कनेक्टिविटी मजबूत करने की बात कही। एमपीआईडीसी के राजेश राठौर ने बताया कि उज्जैन जिले में अब तक लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश आ चुका है और आने वाले समय में नागदा के पास कचनारिया क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

एना रॉय ने सिंहस्थ 2028 के बाद भी सामान्य दिनों में आने वाले पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाने, 100 एकड़ में टूरिज्म वेलनेस सिटी विकसित करने और वार्षिक आयोजनों का कैलेंडर बनाकर व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजेश राठौर, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा सहित नीति आयोग एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### बेहतर समन्वय बनाएंगे-सिंहस्थ कार्यों की जानकारी दी

उद्योग स्थापना, शहर नियोजन और आर्थिक गतिविधियों के बीच बेहतर समन्वय पर बल देते हुए कहा कि स्थानीय नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं, बेहतर कनेक्टिविटी और निरंतर निवेश शहर के विकास की कुंजी हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अन्य क्षेत्रों से लोग उज्जैन में आकर बसें और स्थानीय नागरिकों का पलायन न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट ने विभागवार विकास योजनाओं एवं सिंहस्थ महापर्व 2028 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए 52 सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण किया जा रहा है। शिप्रा नदी के समानांतर एमआर-22 सड़क निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जो सिंहस्थ बायपास से मेला क्षेत्र तक संपर्क प्रदान करेगी और घाटों व मंदिरों को आपस में जोड़ेगी। इस मार्ग का उपयोग बस और रैपिड ट्रांजिट के रूप में भी किया जाएगा। बैठक में 29 किलोमीटर नए घाट, कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना, सेवरखेड़ीङ्कसिलारखेड़ी परियोजना, वीर भारत संग्रहालय, पुराने स्मारकों के विकास सहित मेडिसिटी, आईटी पार्क, चिड़ियाघर और गीता भवन निर्माण योजनाओं की जानकारी दी गई।

### आज 4000 विद्यार्थी करेंगे सामूहिक सूर्य नमस्कार

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार सोमवार 12 जनवरी को दशहरा मैदान पर जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में 4000 से अधिक विद्यार्थी प्रदेश से प्रसारित रेडियो कार्यक्रम के अनुसार एक साथ सूर्य नमस्कार करेंगे। यह कार्यक्रम प्रात: 9 बजे से 10 .30 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ, विधायक उज्जैन उत्तर अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री एवं एडीपीसी गिरीश तिवारी ने बताया कि विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम सभी विकासखंडों के उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किए जाएंगे। वहीं शेष सभी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम के अनुसार सूर्य नमस्कार कराया जाएगा।

# दो दिन पहले साले को छत से फेंकने वाले 2 जीजा गिरफ्तार

**उज्जैन। 2 दिन पहले साले को दो जीजा ने छत से फेंक दिया था। पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया था। दोनों जीजा को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

नागझिरी थाना क्षेत्र के गांधीनगर विक्रम नगर में रहने वाले रूपेश पिता कनीराम को दो दिन पहले जीजा शंकर पिता निर्भय सिंह ने अपने भाई विशाल पिता निर्भय के साथ मिलकर छत से नीचे फेंक दिया था। रुपेश के गंभीर घायल होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे उपचार के लिए भर्ती किया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची घायल के साथ परिजनों के बयान दर्ज किए गए। घटना जानलेवा होने पर दोनों जीजा के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया गया। शनिवार दोपहर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि रूपेश की दो बहने हैं दोनों की एक ही घर में शादी की गई है एक बहन की शंकर और दूसरी की विशाल से शादी हुई है। 2 दिन पहले रात को दोनों जीजा अपनी पत्नियों से विवाद कर रहे थे। दोनों ने अपने भाई रूपेश को विवाद की जानकारी दी थी। रूपेश रात 12.30 के लगभग अपने जीजा को समझाने पहुंचा था। इस दौरान दोनों जीजा ने मिलकर उसे छत से धक्का दे दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार घायल की हालत में अब सुधार है।

### बाइक सवारों को डंपर ने कुचला, पति की मौत, पत्नी बच्चे घायल

उज्जैन। देवास रोड पर रविवार दोपहर बाइक सवार परिवार को डंपर में कुचल दिया। दुर्घटना में पति की मौत हो गई पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि नाकोड़ा धाम कॉलोनी के सामने तेजगति से दौड़ते डंपर ने बाइक पर सवार परिवार को कुचल दिया था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। घायल परिवार को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन पति की मौत हो चुकी थी, पत्नी और दो बच्चे घायल थे। जानकारी प्राप्त करने पर मृतक का नाम अर्जुन पिता गणेश अवलिया 30 साल निवासी लालपुर होना सामने आया। घायल पत्नी ममता 27 साल और मासूम बच्चे माही 8 वर्ष और ऋषभ 4 वर्ष होना सामने आए। दुर्घटना की जानकारी लगते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। ममता की हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल ले जाया गया वहीं घायल बच्चों को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। मामले में मर्ग कायम कर अर्जुन का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने बताया कि अर्जुन का ससुराल ग्राम शिप्रा में था वह पत्नी और बच्चों के साथ ससुराल जाने के लिए घर से निकला था। पुलिस के अनुसार डंपर जप्त कर लिया गया है चालक की तलाश जारी है।

### मार्ट की छत से युवक को दिया धक्का

बीती देर शाम कनीपुरा मार्ग पर बने महर्षि मार्ट की छत से रजत निगम निवासी अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी को दो युवकों ने छत से धक्का देकर गिरा दिया। घायल को चरक अस्पताल लाया गया जहां उसने मार्ट के संचालक पुत्र और उसके साथी सिद्धू पर धक्का देने का आरोप लगाया है। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार घायल की शिकायत पर मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। मामला पुराने विवाद और मार्ट में काम करने वाली युवती से जुडा होना सामने आ रहा है। मार्ट में काम करने वालों के बयान दर्ज किए जाएंगे। फिलहाल घायल का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

# सिंधी विश्व की सबसे समृद्ध भाषा

## सिन्धी भाषा पर दो दिवसीय संगोष्ठी में बोले वक्ता

**उज्जैन। राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से अब्दालपुरा स्थित संत लीला शाह कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में सिंधी बोली पर दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभ आरम्भ हुआ। मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिंतक समाजसेवी चिमनदास लखानी एवं डॉ. मीना वाधवानी थे। विशेष अतिथि मुरलीधर कोटवानी थे। अध्यक्षता समाजसेवी दौलत खेमचंदानी ने की। भगवान झुलेलाल, सन्त लीला शाह एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन किया गया। अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में लखानी ने कहा, सिंधी भाषा विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्धशाली भाषा है। इसके उच्चारण से मस्तिष्क की अनेक कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं एवं व्यक्ति प्रगतिशील बनता है**

डॉ. मीना वाधवानी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को इसे अपने पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से लेने का आग्रह करते हुए इसे अपने कॅरियर को बनाने का अवसर बताते हुए, मार्गदर्शन प्रदान किया यह सरल सुंदर एवं मीठी बोली है। हमें सदैव अपनी मातृभाषा में विचार विमर्श कर अपनाना चाहिए। अतिथियों का स्वागत सम्मान संस्था प्राचार्य राजकुमारी खेमचंदानी, उषा शेवारामानी, नीतू बलवानी, सुरेश पुरसवानी, मुकेश शेवारामानी, नरेश मूल चंदानी, लीजा चंदनानी, लता मूलचंदानी, बिंदिया बलवानी, निशा रामचंदानी मधु हरपलानी, भगवान शेवाणी, मनोज आसवानी, अमित सचदेव,

भावना आसवानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन वीर कुमार मामनानी ने किया। आभार कशीश शीतलानी ने माना। संगोष्ठी के अंत में सभी ने अपने घर- परिवार व्यापार - व्यवहार एवं डाइनिंग टेबल पर सिंधी भाषा का उपयोग करने का संकल्प लिया।

# फरार इनामी बदमाश 2 साल बाद पकड़ाया

**उज्जैन। डकैती की योजना और अवैध हथियार मामलों में 2 साल से फरार बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। बदमाश को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।**

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि 11 अक्टूबर 2024 को ग्राम ताजपुर, खुसलाखेड़ी रोड स्थित शासकीय स्कूल के पीछे खेत में कुछ बदमाश एकत्र होकर डकैती की योजना बना रहे थे तथा उनके पास हथियार भी थे। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई थी। चार बदमाश खलील मेवाती, अहमद हुसैन, इरफान मेवाती, अब्दुल्ला खान को मौके से गिरफ्तार किया गया था। 2 आरोपी अमजद मेवाती, इमरान उर्फ इम्मा मेवाती निवासी ग्राम ताजपुर, पुलिस को देखकर अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए थे। जिनकी गिरफ्तारी परिणाम घोषित किया गया था। विगत सोमवार को फरार आरोपी अमजद मेवाती को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। जिससे पूछताछ में दूसरे फरार आरोपी इमरान उर्फ इम्मा मेवाती की जानकारी मिली थी। इस आधार पर रविवार को इमरान मेवाती को भी गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित था। जिसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रभारी उपनिरीक्षक गमरसिंह मंडलोई, सहायक उपनिरीक्षक संतोष राव, प्रधान आरक्षक विनोद ठाकुर, आरक्षक अमरनाथ, आरक्षक पंकज पाटीदार एवं आरक्षक ब्रजेन्द्र भारती का विशेष योगदान रहा।

# नसबंदी कैंप में महिला की काटी गलत नस, चरक अस्पताल भेजा

**उज्जैन। महिलाओं के लिए लगाए गए नसबंदी कैंप में गलत नस काटने का गंभीर मामला सामने आया है। महिला की हालत गंभीर होने पर चरक अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन महिला को निजी अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। मामले की जानकारी सामने आने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महिला को देखने निजी अस्पताल पहुंचे।**



झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया में शुक्रवार को महिलाओं की नसबंदी के लिए कैंप लगाया गया था। 30 महिलाओं की नसबंदी होना थी। कैंप में रुकमा बाई पति जितेंद्र गारियां 29 वर्ष भी पहुंची थी। सातवां नंबर होने पर दोपहर 2 बजे उसे नसबंदी ऑपरेशन के लिए स्टेचर पर ले जाया गया। 2 घंटे बाद रुकमा बाई की हालत काफी ऑपरेशन के बाद ब्लड नहीं हो रहा था। सामुदायिक केंद्र के प्रभारी डॉक्टर उपलावड़िया ने रुकमा बाई को चरक अस्पताल रेफर किया। लेकिन उसकी हालत देख चरक भवन से इंदौर रेफर कर दिया गया। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां महिला का उपचार शुरू किया गया। इस दौरान करीब 8 बोतल खून के साथ 12 बोतल प्लाज्मा की महिला को चढ़ाना पड़ गई। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला की जान बचा ली लेकिन उसकी हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि कैंप में महिला की गलत नस काट दी गई थी जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ी है। निजी अस्पताल में भर्ती महिला को देखने के लिए मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पटेल भी निजी अस्पताल पहुंचे थे। मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संज्ञान लिया गया है और जानकारी जुटा जा रही है। महिला को चलाए गए ब्लड की व्यवस्था भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से कराई जाना बताया जा रहा है।

**महोत्सव की तैयारी** ▶ **नए साल को देखते हुए मंदिर समिति ने किया था बदलाव, महाकाल महोत्सव की तैयारी में जुटी समिति**

# महाकाल मंदिर में भीड़ हुई सामान्य, समिति ने की दर्शन व्यवस्था भी पूर्व की तरह बहाल

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** कई दिनों से महाकाल मंदिर सहित महाकाल में श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा था। जिसके चलते भीड़ कम होने का नाम ही नहीं ले रही थी। वहीं यह सिलसिला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सामूहिक विवाह किया था। जब से ही यह भीड़ का आलम मंदिर में बढ़ता ही जा रहा था। इसके बाद महाकाल मंदिर में अब श्रद्धालुओं की भीड़ कम हो गई है। इसलिए मंदिर समिति ने भी दर्शन व्यवस्था पूर्व की तरह बहाल कर दी है। समिति ने नए साल में उमड़ने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर में प्रवेश व निर्गम आदि की व्यवस्था में बदलाव कर दिया था। वहीं प्रोटोकॉल से वीआईपी दर्शन पर भी रोक लगा दी गई थी। इसके अलावा एक-दो दिन तो अधिक भीड़ होने पर 250 रुपए की टिकट से होने वाले शीघ्र दर्शन भी रोकना पड़े थे। लेकिन अब धीरे-धीरे श्रद्धालु कम होने लगे तो समिति ने दर्शन व्यवस्था को भी पूर्व की तरह कर



### अब मंदिर में 14 जनवरी से होने वाले महाकाल महोत्सव की तैयारी

महाकाल मंदिर समिति अब नए कार्यक्रम की तैयारी में जुट गया है। 14 जनवरी से होने वाले नए कार्यक्रम श्री महाकाल महोत्सव की तैयारी में जुटी हुई है। जिसमें देशभर के कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम में शंकर महादेवन, सोना महापात्रा जैसे उच्च कोटि के कलाकार शिरकत करने वाले है। 18 जनवरी तक महोत्सव चलेगा। पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 14 जनवरी की शाम 7 बजे मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया और राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज सहित कई हस्ती शामिल होगी। आयोजन महाकाल लोक और त्रिवेणी संग्रहालय परिसर में शाम 7 बजे से होगा।

### शिल्पा शेट्टी, आशीष विद्यार्थी ने किए दर्शन



फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी बहन शमिता शेट्टी के साथ महाकाल दर्शन किए। वे शयन आरती में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि महाकाल के दर्शन किसी की इच्छा से नहीं, बल्कि बाबा के बुलावे से होते हैं। अचानक से उन्हें ऐसा लगा जैसे बाबा महाकाल का बुलावा आ गया हो, इसलिए वे तुरंत उज्जैन चली आईं। शिल्पा पूर्व में भी महाकाल के दर्शन हेतु आ चुकी है। लेकिन शमिता शेट्टी पहली बार ही महाकाल आई थी। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी भी उज्जैन आए और सबसे पहले भगवान महाकाल के दर्शन किए। आशीष विद्यार्थी ने कोटि तीर्थकुंड स्थित प्राचीन श्री कोटेश्वर महादेव का भी पूजन किया। उन्होंने कहा कि महाकाल के दर्शन से मन को शांति और ऊर्जा मिलती है। नीति आयोग भारत सरकार की प्रिंसिपल इकोनॉमिक एडवाइजर एना रॉय ने भी भगवान महाकाल के दर्शन किए।